
# कर्नाटक में गन्ना नियंत्रण बोर्ड बना



**बंगलुरू** ◆ कर्नाटक सरकार ने राज्य में गन्ने की खरीद के नियमन और मूल्य निर्धारण पर सलाह देने के लिए शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड का चेयरमैन चीनी मंत्री को बनाया गया है। बोर्ड में गन्ना उत्पादक और निजी व सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कर्नाटक शुगरकेन (रेगुलेशन ऑफ परचेज एंड सप्लाई) एक्ट 2013 के तहत सरकार ने यह बोर्ड बनाया है। इस कानून के तहत राज्य सरकार को गन्ना उत्पादक और चीनी मिलों के बीच राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर गन्ने का मूल्य तय करने के लिए नियम बनाने का अधिकार मिल गया है। चीनी मंत्री प्रकाश बी. हुक्केरी ने संवाददाताओं को बताया कि बोर्ड गन्ने का मूल्य तय करेगा। अधिकारियों के अनुसार नए कानून में रंगराजन कमेटी की भी कुछ सिफारिशों को शामिल किया गया है। रंगराजन कमेटी का गठन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने चीनी उद्योग के डिकंट्रोल के लिए किया था। **(एजेंसी)**

Business Bhaskar
13/9/17